।। ओ३म् ।।

प्रभु से विनय

हे परमात्मन तू अनुपम है। तू संसार को चेतना प्रदान करने वाला है। प्रभु! हम भी उस महान चेतना को चाहते हैं जिस चेतना में मानव को अन्धकार प्राप्त नहीं होता। सदैव प्रकाश ही प्रकाश रहता है। जो मानव उस महान ब्रह्ममुख में परणित हो जाता है, ब्रह्म चेतना में रमण करने लगता है उसे सर्वत्र ब्रह्म ही ब्रह्म प्रतीत होने लगता है। तो वह मानव इस संसार में उज्ज्वलता को प्राप्त होता हुआ उस महान मण्डल में परणित हो जाता है जहाँ अन्धकार नहीं होता, जहाँ सूर्य भी अस्त नहीं होता, जहाँ न सूर्य उदय होता है न अस्त होता है, एक रस रहने वाला है। इसीलिए आज हम अपने उस प्यारे प्रभु का गुणगान गाने के लिए आये हैं। हे परमात्मा! आज हम उन महान् लोकों को चाहते हैं, जहाँ अन्धकार नहीं होता, जहाँ सदैव प्रकाश होता है। इसलिए हम आपकी आराधना करते हुए इस मानवता से देवत्व में जाना चाहते हैं। देवत्व से भी प्रभु! हम महादेवत्व बनना चाहते हैं। जिससे भगवन्! हमारे हृदय में किसी प्रकार की विडम्बना न होने पाये। क्योंकि वह जो विडम्बना होती है यह मानव के विनाश का मूल कारण बनती चली जाती है। प्रभु! हम अपने हृदय में प्रसन्नता चाहते हैं, महत्ता चाहते हैं, उज्ज्वलता चाहते हैं। जिससे भगवन्! हमारा जीवन एक आनन्द में परणित होता हुआ महत्ता की वेदी पर रमण करता हुआ इस संसार-सागर से पार होने लगता है।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अँक : 512	कुल पृष्ठ संख्या	समग्र अँक : 587
वर्ष : 43	44	समग्र वर्ष : 49

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय		पृष्ठ संख्या
1.	प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2.	अनुक्रम		4
3.	भगवान् राम का राजेश्वरी-याग	पूज्यपाद-गुरुदेव	5-15
4.	सत्यकाम का तप	पूज्यपाद-गुरुदेव	16-28
5.	देवता	पूज्यपाद-गुरुदेव	29-30
6.	अन्तरिक्ष में गति करने वाली नाडियाँ	पूज्यपाद-गुरुदेव	31-34
7.	ऋषियों के उद्‌गार	पूज्यपाद-गुरुदेव	35
8.	Conception of Yajna	Pujyapad Gurudev	36-37
9.	दान, पुस्तकों की सूची, प्राप्ति के स्थान व सूचना आदि		38-43

नम्र-निवेदन

पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज ने अपने प्रवचनों में वेदमन्त्रों का गान करते हुए उनकी प्रचलित भाषा में व्याख्या की है। उसी अमृत वाणी को जनकल्याण के लिए ''सँहिता'' रूप में प्रकाशित करने के लिए वैदिक अनुसन्धान समिति सभी श्रद्धालु एवम् दानदाताओं से सहयोग के लिए आह्वान करती है जिससे कि प्रकाशन का कार्य सुचारू रूप से ऊर्ध्वा गति को निरन्तर प्राप्त होता रहे। सहयोग की राशि समिति के बैंक खाते में स्वेच्छानुसार भेजने के लिए बैंक का विवरण निम्न प्रकार से है :-

वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी.)

पंजाब नैशनल बैंक, खान मार्केट, नई दिल्ली

बैंक खाता नं.–0149000100229389, IFSC Code –PUNB–0014900

शृङ्गीऋषि बेवसाईट

Website : www.shringirishi.in

Email : contact@shringirishi.in

।। ओ३म् ।।

भगवान् राम का राजेश्वरी-याग

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेदमन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ ये पाठ्यक्रम परम्परागतों से ही माना गया है और यह मानवीय मस्तिष्कों में सदैव निहित रहा है। तो आज का हमारा वेदमन्त्रः उस परमपिता परमात्मा जो यज्ञमयी स्वरूप है याग उसका आयतन है, उसका गृह है और उसका सदन है और वह प्रायः उसी में वास कर रहा है। तो हम उस परमपिता परमात्मा जो यज्ञोमयी स्वरूप है उसकी महिमा का सदैव गुणगान गाते रहें क्योंकि यह जो ब्रह्माण्ड रूपी यज्ञशाला है जो नित्यप्रति मानव के प्रकाश के द्वारा, कहीं शीतलता के द्वारा, नाना प्रकार की वनस्पतियों के द्वारा जो यह नाना रूपों में याग हमें दृष्टिपात आ रहा है। इस सर्वत्र याग का जो मूलन है वह परमपिता परमात्मा कहा जाता है। क्योंकि एक दूसरा एक दूसरे में निहित रहने वाला यह जगत है। तो जब हम यह विचारते हैं कि एक दूसरे में परणित होने वाला यह जगत् अपने में अनुपम कहलाता है। तो हम सदैव परमपिता परमात्मा की महिमा अथवा उसके गुणों का गुणवादन करते रहें।

रथ का स्वरूप

आओ मुनिवरो! देखो आज मैं तुम्हें विशेष चर्चा प्रगट नहीं करूँगा। केवल आज का हमारा वेदमन्त्र हमें कुछ उपगीत गा रहा है वेदाम् भूतम चित्रों रथाः क्या मुनिवरो! देखो एक अलंकारिक वार्ताएँ प्रगट होती रही हैं ऋषि-मुनियों की क्या एक रथ है उस पर विद्यमान होने वाले नाना ऋषि-मुनि हैं जिसमें एक यजमान है, होता, अध्वर्यु, उद्गाता और पुरोहित और ब्रह्मा मानो वह सर्वत्र उस रथ में विद्यमान

हैं और रथ में विद्यमान हो करके वह मानो देखो रथ को सुचारू रूप से गति दे रहे हैं। इसी प्रकार यह जो ब्रह्माण्ड है यह एक प्रकार का रथ है और मानो इस संसार को, रथ को गति देने वाले परमात्मा ब्रह्मा है, आत्मा यजमान है और इन पंच महाभूतों में मानो कोई उद्गाता है, कोई अध्वर्यु है और कोई मानो पुरोहित बन करके याग कर रहा है। तो यह जो रथ चल रहा है यह उसको गति देने वाले हैं और वह उसमें से गति, जो उसमें से तरंगों का जन्म हो रहा है वह तरंगें मुनिवरो! देखो तरंगित होने वाला वह सुगन्ध है जो प्रदूषण को समाप्त करने वाला है और जो सुगन्ध को मानो देखो अपने में धारण करता उसको त्याग रहा है। तो यह संसार एक महानता में परणित हो रहा है। तो जहाँ विचारों का समन्वय होता रहा है और मन मस्तिष्क को एकाग्र करके जब साकल्य को हुत करता है तो मानो देखो उसमें से विचित्र सुगन्धियों का जन्म होता है। जो अशुद्धियों को निगलता है और उसका शुद्धिकरण कर देता है।

नाना प्रकार के याज्ञिक

आओ मेरे प्यारे! देखो मुझे बहुत से ऋषि-मुनियों की वार्ताएँ स्मरण आती रहती हैं। मुझे बेटा! वह काल स्मरण आता रहा है जिस काल में मुनिवरो! देखो भगवान् राम ने याग किया था। मुझे वह काल भी स्मरण है परन्तु देखो जिस यागाम् भूतम् ब्रह्मा लोकाम् यहाँ नाना प्रकार के यागों का प्रायः वर्णन आता रहता है। वैदिक साहित्य में कहीं वृष्टि याग का वर्णन है तो कहीं धनुर्याग का वर्णन है, कहीं वाजपेयी याग का वर्णन है, तो कहीं अग्निष्टोम याग का वर्णन है और कहीं मुनिवरो! देखो पुत्रेष्टि यागों में वृष्टि यागों का व्यवधान किया गया है। तो नाना प्रकार के याज्ञिक अपने में याग करते रहे हैं। मेरे प्यारे! कहीं राजेश्वरी याग होता है।

याग की भूमिका

मुझे बेटा! स्मरण आता रहता है भगवान् राम के यहाँ बेटा! एक राजेश्वरी याग हुआ था और उस याग में मानो देखो नाना ऋषि मुनियों

का समूह एकत्रित हुआ। उसकी जो भूमिका बनी है वह ऋषि मुनि बेटा! उसमें एक समय महर्षि वैशम्पायन और महर्षि विभाण्डक, महर्षि श्वेताश्वेतर और भी नाना ऋषिवर बेटा! अपनी स्थलियों पर विद्यमान थे। तो महर्षि विभाण्डक मुनि महाराज अपने आसन पर थे परन्तु देखो नाना ऋषि-मुनि अपने में विचार विनिमय करने लगे। तो मेरे पुत्रो! देखो महात्मा कुक्कुट मुनि महाराज जो वायु गोत्रीय कहलाते थे। तो बेटा! देखो महर्षि वैशम्पायन अपने आसन पर विद्यमान थे और वह अपने में कुछ वेदमन्त्रों का उद्गीत गा रहे थे और उद्गीत गाते हुए अमृतम् ब्रह्मा लोकाम् अस्वतम् चित्रो। तो चित्रों की वार्ता का वर्णन आ रहा था। क्योंकि महाराजा अश्वपति के यहाँ वह याग करा करके अपने आश्रम में पधारे और आश्रम में बेटा! देखो रात्रि के काल में न्योदामयी मन्त्रों का उद्गीत गाने लगे। और वेदमन्त्र यह कहता है रथम् रथम् ब्रह्मा लोकाम् वाचस्सुता। मानो देखो यजमान यज्ञशाला में विद्यमान है और उसका रथ बन करके बेटा! देखो वह द्यु लोक को प्रवेश करता रहता है, द्यु लोक में गति करता है। तो मेरे प्यारे! देखो द्यु लोक में गति करने वाला और वह द्युऽम ब्रह्मा लोकाम् वह रथी उस्तम। वह जो रथ बनता है वह द्यु लोक में तरंगों पर अग्नि की धाराओं पर विद्यमान हो करके बेटा! गमन कर रहा है। तो मेरे पुत्रो! देखो ऋषि-मुनियों के हृदयों में जब यह वाक् समाहित हुआ क्या इन चित्रों को दृष्टिपात करना चाहिए। तो बेटा! महर्षि वैशम्पायन अपने में विचार-विनिमय करने लगे परन्तु देखो उन्होंने रात्रि का काल समाप्त हो गया प्रातःकाल हो गया। प्रातःकाल जब हुआ तो बेटा! अपने आसन को ऋषि नहीं त्याग रहा है।

उन्होंने महर्षि, मानो विभाण्डक मुनि महाराज का स्थान निकटतम था उन्होंने वृतिका ब्रह्मचारी से कहा हे ब्रह्मचारी दृष्टिपात करो ऋषि अपने आसन को नहीं त्याग रहे हैं। जब वृतिका ब्रह्मचारी उनके द्वार पर पहुँचे तो वह शान्त मुद्रा में कुछ वेदमन्त्रों के ऊपर अन्वेषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा प्रभु आप आसन को क्यों नहीं त्याग रहे हैं? उन्होंने कहा वेदमन्त्र अमृतम् ब्रह्मा लोकाम् चित्रो रथाः। यजमान के चित्रों को

मैं प्रायः भली भाँति विचार रहा हूँ परन्तु विचारने में नहीं आ रहा है। बेटा! उन्होंने वे ही वाक् महर्षि विभाण्डक मुनि महाराज से उद्गीत रूप में गाई। और महर्षि विभाण्डक मुनि महाराज उनके द्वार पर आये तो विभाण्डक मुनि भी इसी वाक् पर विचार विनिमय करने लगे। मेरे प्यारे! देखो यह विचारने लगे परन्तु अपने में निपटारा नहीं हुआ।

ऋषि मुनियों का याग के लिए निर्णय

जब निपटारा नहीं हुआ तो कहीं से बेटा! ब्रह्मचारी कवन्धि, ब्रह्मचारी सुकेता, महर्षि भारद्वाज, महर्षि व्रेतकेतु नाना ऋषि-मुनियों का बेटा! एक समूह कहीं से भ्रमण करता हुआ ऋषि के आश्रम में आ पहुँचा। ऋषि से कहा तुम क्या विचार-विनिमय कर रहे हो? उन्होंने कहा प्रभु मैं—वेदमन्त्र कहता है रथम् ब्रह्मा यजनम् ब्रह्मे वाचन्नमम् ब्रह्मा द्यु लोकाम् व्रते वेदमन्त्र कहता है कि यजमान का रथ बन करके द्यु लोक में जाता है तो प्रभु मैं उस द्यु लोक वाले मानो देखो मैं रथ को दृष्टिपात करना चाहता हूँ। उन्होंने कहा बहुत प्रिय! तो मुनिवरो! देखो ब्रह्मणे वह भी विचार विनिमय करने लगे। तो इतने में बेटा! विभाण्डक जी ने कहा कि मेरे विचार में यह आता है ऋषिवर क्या भगवान् राम के द्वारा चलो और अयोध्या में एक याग का निर्माण होना चाहिए और उसमें यह सब दृष्टिपात होगा।

अयोध्या के लिए गमन

मेरे प्यारे! देखो सब ऋषि मुनियों ने मध्य दिवस का समय था अपने कर्म को बनाया। तो बेटा! वहाँ से सब ऋषि-मुनियों का समूह भ्रमण करते हुए बेटा! देखो व्रेतम ऋषि महाराज के आश्रम में रात्रिकाल में विश्राम हुआ परन्तु प्रातःकाल होते ही मुनिवरो! उनका अयोध्या में गमन हुआ।

भगवान् राम का उपदेश

मुनिवरो! देखो अयोध्या में भगवान् राम का यह नियम था क्या उनके यहाँ एक यज्ञशाला थी जिसमें देखो भगवान् राम याग करते थे।

मेरे पुत्रो! देखो यज्ञशाला में भिन्न-भिन्न देखो आसनों पर ऋषि मुनि अपनी-अपनी कोटि के अनुसार आसनों पर विद्यमान हो गये। जब विद्यमान हो गये तो विचार-विनिमय होने लगा। मेरे प्यारे! भगवान् राम का उपदेश चल रहा था। उनका याग प्रातःकाल का सम्पन्न हो गया था और उनका विचार विनिमय चल रहा था और वह यह उच्चारण कर रहे थे कि यदि राष्ट्र को ऊँचा बनाना है तो राजा के राष्ट्र में प्रजा के मुखारबिन्दु से सुगन्धि आनी चाहिए और प्रत्येक गृह में सुगन्ध होनी चाहिए। **प्रत्येक गृह में पति और पत्नी याज्ञिक बने और बाल्य बालिका देखो विद्यालयों में ब्रह्मचारी याग करें।** इस प्रकार बेटा! भगवान् राम का उपदेश चल रहा था और यह उद्गीत गा रहे थे कि हे ब्रह्मवेत्ताओं आओ, हे राजवेत्ताओं आओ तुम अपने राष्ट्र में यह प्रसार करो कि हमारे यहाँ याग होना चाहिए। प्रत्येक गृह में याज्ञिक होना चाहिए क्योंकि देखो याग से राष्ट्र और समाज ऊँचा बनता है महानता को प्राप्त होता रहता है। इस प्रकार राम ने बेटा! देखो अपना उपदेश प्रारम्भ किया और उपदेश प्रारम्भ करके उन्होंने कहा राजा के राष्ट्र में मानो देखो सब प्रकार का व्यवधान होना चाहिए। मेरे प्यारे! देखो इतने में ब्रह्मणा अव्रतम् उनके उपदेश मञ्जरी समाप्त हुई।

ऋषि मुनियों का भगवान् राम द्वारा स्वागत

समाप्त होते ही मुनिवरो! देखो अमृतम् ऋषि-मुनियों को उन्होंने दृष्टिपात किया वह बेटा! देखो बारी-बारी भगवान् राम ने ऋषि मुनियों के चरणों को स्पर्श किया और उन्होंने कहा असुतम् ब्रह्मा कहो भगवन् आज बिना सूचना के ऋषि-मुनियों का आगमन कैसे हुआ? मुझे भगवन् सूचित करते मैं अपने पुष्प विमानों में अथवा वाहनों में ले करके देखो अपने गृह में उनका वास होता, यह हमारा बड़ा अहोभाग्य है। तो भगवान् राम जब इस प्रकार उद्गीत गाने लगे तो ऋषि मुनियों ने कहा नहीं कोई वारा व्रते। हे राम हम भ्रमण करने में बड़े प्रसन्न रहते हैं, अपने विचार विनिमय करते चले आते हैं। मानो देखो भगवान् राम ने कहा तो भगवन् कोई कार्य उद्गीत गाईये बिना कारण के तुम्हारे आगमन का कोई अस्तित्व मुझे दृष्टिपात नहीं आता।

महर्षि वैशम्पायन बोले कि प्रभु हम इसलिए मानो देखो तुम्हारे गृह में प्रवेश हुआ है हमारी यह इच्छा है कि तुम्हारे यहाँ एक याग होना चाहिए। भगवान् राम ने कहा प्रभु यह तो हमारा बड़ा अहोभाग्य है, हम बड़े भाग्यशाली हैं हम आपकी आज्ञाओं का पालन करें। तो उन्होंने बेटा! शिल्पकारों को निमन्त्रित किया और शिल्पकारों से कहा तुम यज्ञशाला का निर्माण करो। उन्होंने लक्ष्मण इत्यादि से कहा भरत से क्या ऋषि-मुनियों को, इनको अपने-अपने कक्ष में पहुँचाओ। तो बेटा! देखो ब्रह्मवेत्ताओं के कक्ष, ब्रह्मचारियों के कक्ष राजा के यहाँ भिन्न-भिन्न प्रकार के अतिथिशाला में मानो कक्ष विद्यमान थे। मेरे प्यारे! देखो ऋषि मुनियों को वहाँ उनका वास कराया गया और कराने के पश्चात् मुनिवरो! देखो राम ने शिल्पकारों को आज्ञा दी और उन्होंने भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया और नाना प्रकार का साकल्य एकत्रित हो गया।

याग का प्रारम्भ

मेरे प्यारे! देखो भगवान् राम ने कहा हे ऋषिवर आओ, तुम्हारी यज्ञशाला का निर्माण हो गया है और यज्ञ में सब साकल्य मानो उपस्थित है तुम याग प्रारम्भ करो। मेरे प्यारे! देखो सब ऋषि-मुनियों ने अपने आसन को त्याग करके और वह यज्ञशाला में पहुँचे। यज्ञशाला में बेटा! देखो उचित आसन पर विद्यमान हो गये। ब्रह्मा का स्थान महर्षि वैशम्पायन को ब्रह्मा का आसन नियुक्त किया गया। विमाण्डक मुनि महाराज उस मानो याग में उद्गाता बने और कोई ऋषि-मुनि मानो उनमें से उद्गाता बन करके उद्गीत गाने लगा, कोई अध्वर्यु बन करके द्रव्य का स्वामी बन गया। मेरे प्यारे! राम यजमान बने। **राम देखो और सीता दोनों अपने में यजमान बन गए** और यजमान बन करके उनके कथनानुसार ऋषि मुनियों का आगमन होने लगा। मेरे प्यारे! मुझे वह काल स्मरण आता रहा है जब याग का प्रारम्भ हुआ। याग प्रारम्भ होते ही बेटा! वेदमन्त्रों का उद्गीत गाने लगे और वेदमन्त्र में यह आया चित्रम् रथम् ब्रह्मा देवत्वाम् ब्रह्मे द्यु लोकाम् देवत्वाम् यजमानाः। यह वेदमन्त्र कह रहा था राम ने कहा हे ऋषिवर उद्गीत गाने वालो वेदमन्त्र यह कहता है

कि यजमान का रथ बन करके द्यु लोक को जाता है और मानो देखो रथ में ब्रह्मा विद्यमान हैं, होताजन हैं आत्माम् भूतम् ब्रह्मा चेतनावत हो करके यह द्यु लोक को यह रथ जा रहा है। तो प्रभु मैं इस रथ को मानो देखो साक्षात्कार दृष्टिपात करना चाहता हूँ।

महर्षि भारद्वाज का आगमन

मेरे प्यारे! देखो याग **अग्निहोत्र हो गया था** और वह याग देखो वही समाप्त हो गया। राम ने कहा कि मैं रथ को दृष्टिपात करूँगा। तो मेरे प्यारे! कोई ऋषि-मुनि ऐसा नहीं था जो उसका साक्षात्कार क्योंकि दर्शनों से घटित होने वाला विचार मानो देखो घटित हो रहा है परन्तु उसको साक्षात्कार कैसे दृष्टिपात कराया जाए। यह विचार-विनिमय हो रहा था इतने में बेटा! देखो महर्षि भारद्वाज भी वहीं आ पधारे अपने ब्रह्मचारी कवन्धि के द्वारा और ब्रह्मचारिणी शबरी के द्वारा। मेरे प्यारे! देखो अपने वाहन में विद्यमान हो करके यज्ञशाला में आ पहुँचे। राम से कहा हे राम तुम्हारा याग कैसे शान्त हो रहा है? उन्होंने कहा प्रभु यह वेदमन्त्र कह रहा है यजनम् ब्रह्मा यजनम् ब्रहे देवन्तम् ब्रव्हा यजमानम् ब्रव्हे हे यजमान ब्रहे देखो यजमान का रथ बन करके द्यु लोक को जाता है और यह द्यु लोक वाले रथ को मानो मैं साक्षात्कार दृष्टिपात करना चाहता हूँ। उन्होंने कहा हे राम तुम ब्रह्मवेत्ताओं की परीक्षा तो नहीं ले रहे हो? उन्होंने कहा नहीं भगवन्! मेरे में इतनी शक्ति कहाँ है जो मैं ब्रह्मवेत्ताओं की परीक्षा लूँ क्योंकि मैं तो उनके चरणों की धूलिका अवृत करता रहता हूँ। मेरे प्यारे! देखो जब उन्होंने ऐसा कहा तो भारद्वाज मुनि ने ब्रह्मचारी महर्षि पणपेतु और ब्रह्मचारिणी शबरी से कहा जाओ, कजली वन चले जाओ अपने वाहन को और देखो उसमें से यन्त्रों को लाया जाए। तो बेटा! देखो वाहन में विद्यमान हो करके वह मुनिवरो! देखो वह अमृतम् कजली वनों में पहुँचे। वहाँ से नाना यन्त्रों को उन्होंने अवृत किया और यन्त्र को ले करके यज्ञशाला में आ पधारे। शबरी ने कहा भगवन् यह आपका यन्त्र आ गया है।

चित्रों का द्यु में गमन करते हुए दर्शन

यन्त्र को उन्होंने बेटा! देखो स्थिर कर दिया और स्थिर करके उन्होंने कहा राम तुम याग प्रारम्भ करो। मेरे प्यारे! जैसे उन्होंने याग प्रारम्भ किया और याग में उन्होंने कहा प्राणाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहा, समानाय स्वाहा और उदानाय स्वाहा कह करके जब हुत का प्रारम्भ किया तो मेरे प्यारे! देखो स्वाहा के साथ में, वाणी के साथ में चित्र और चित्र के साथ में बेटा! देखो शब्द वह मुनिवरो! देखो यन्त्रों में विद्यमब्रहे वह अग्नि की धाराओं पर विद्यमान हो करके और मुनिवरो! वह द्यु लोक को देखो यज्ञशाला का चित्र बन करके वह द्यु में रमण करने लगा। और उन्होंने कहा राम यह दृष्टिपात करो चित्रों में इनके चित्र आ रहे हैं, यह दृष्टिपात करो तुम्हारा रथ द्यु लोक को जा रहा है। एक-एक शब्द में मानो देखो सर्वत्र विज्ञान निहित रहता है और यज्ञशाला मानो देखो अग्नि का विज्ञान केवल देखो शब्दों में निहित रहता है, तरंगों में निहित रहता है। तो मेरे प्यारे! मुझे स्मरण आता रहा है याग प्रारम्भ होने लगा परन्तु यन्त्रों में वह चित्रों का चित्रण होता रहा।

भारद्वाज मुनि ने कहा राम मेरे यहाँ ऐसे-ऐसे यन्त्र हैं क्या मानो चित्रावलियाँ यन्त्र हैं एक रक्त के बिन्दु में जिस मानव का रक्त का बिन्दु है उस मानव का एक-एक रक्त के बिन्दु में उनके चित्र दृष्टिपात आ जाते हैं। उन्होंने कहा मेरी यज्ञशाला में प्रायः इस प्रकार का देखो विज्ञान और देखो चित्रावली विद्यमान हैं। मेरे प्यारे! ऋषि बड़े प्रसन्न हुए और वैशम्पायन के हर्ष की कोई सीमा न रही। तो बेटा! मुझे स्मरण आता रहा है वह याग लगभग मुनिवरो! देखो **छः माह तक याग प्रारम्भ रहा** परन्तु छः माह तक वह चित्रों का दर्शन करते रहे नाना प्रकार के चित्र बेटा! चित्रों के रूप में प्रायः दृष्टिपात आ रहे हैं।

अहोभाग्य

मेरे पुत्रो! देखो एक स्थान उद्गाता का होता है जो उद्गीत गाता है स्वरों से गान गाता है वेदमन्त्रों का। एक अध्वर्यु का स्थान होता है पर्यायवाची शब्दों में वास्तव में देखो अध्वर्यु मन को कहा गया है

और अध्वर्यु नाम राजा का भी है और अध्वर्यु नाम याग में देखो जो द्रव्य का स्वामी है जो साकल्य का स्वामी कहलाता है वह यजमान बन करके बेटा! अपनी धाराओं में रत्त हो रहा है। मेरे पुत्रो! देखो वह याग सम्पन्न ब्रहे छः माह के पश्चात् वह याग सम्पन्न हुआ। परन्तु देखो जब प्रारम्भ से ही सम्पन्नता को गमन करने लगा तो बेटा! ऋषि मुनि अपनी उपदेश मञ्जरियों में तत्पर उन्होंने कहा राम मानो देखो तुम्हारा यह अहोभाग्य है जो तुम्हारे यहाँ ऋषि-मुनियों का आगमन हो रहा है और ऋषि-मुनि देखो अपने याग को सम्पन्न कर रहे हैं। मुनिवरो! देखो राम बड़े प्रसन्न हो रहे हैं। राम ने कहा प्रभु यह तो हमारा सौभाग्य है, इस अयोध्या नगरी का सौभाग्य है जहाँ ऋषि-मुनि इस प्रकार देखो यागों में सम्मिलित हो करके अपनी भावनाओं से याग को पवित्र बनाने वाले हैं। तो इस प्रकार बेटा! देखो राम का याग सम्पन्न हो गया।

याग की दक्षिणा और आशीष

उन्होंने नाना ब्रह्मवेत्ताओं को, ब्राह्मण समाज को उन्होंने गऊ और मुद्राएँ उन्होंने प्रदान कीं और उन्होंने देखो यजनम् ब्रहे वैशम्पायन ने कहा प्रभु मैं दक्षिणा चाहता हूँ और दक्षिणाम् ब्रह्मे बेटा! देखो यजमान की जो त्रुटियाँ हैं उन्हें जो दक्षिणा में प्रदान किया जाता है वह प्रायः दक्षिणा कहलाती है। द्रव्य तो उदर की पूर्ति के लिए दी जाती है परन्तु जहाँ दक्षिणा का प्रसंग आता है वहाँ देखो उसकी जो त्रुटियाँ हैं वह प्रदान करे वैशाम अग्नम् ब्रह्मा मानो देखो यजमान में कोई त्रुटि हो किसी से द्वेषारोपण करने वाला हो तृपण हो उन सबको त्याग देना चाहिए। तो मेरे प्यारे! देखो विचार आता है यह त्रुटियाँ कहलाती हैं। आचार्यों ने कहा है कि त्रुटियों का जो समूह है वह मेरे प्यारे! देखो हृदय है। हृदय में श्रद्धा होनी चाहिए और श्रद्धा में दक्षिणा होनी चाहिए मानव त्यागपूर्वक रहना चाहिए। मेरे प्यारे! देखो हृदय दक्षिणा हृदय श्रद्धा श्रद्धा में दक्षिणा इस प्रकार मानव का मन मस्तिष्क एकाग्र हो करके अपने जीवन को महान बनाए।

मेरे प्यारे! आज मैं विशेष चर्चा इसलिए प्रगट नहीं करूँगा केवल विचार विनिमय यह कि हे यजमान तेरी प्रतिभा महानता में यह उच्चारण

करके राम को अपना आशीष देकर के सब ऋषि-मुनि बेटा! देखो याग में अप्रतम् वहाँ से गमन करते हैं। राम भी अपने आश्रम को अपनी राज्य सभा को गमन करते हैं।

याग पर ऋषि मुनियों का पूर्ण अध्ययन

विचार-विनिमय क्या मेरे प्यारे! हमारे यहाँ यागों का बड़ा वर्णन है। वैदिक साहित्य में एक-एक वाक् को ले करके उन्होंने अपना-अपना मन्तव्य दिया है और याग अपने में बड़ा विचित्रत्व क्रियाकलाप है जिस क्रियाकलाप को ले करके मानव अपने में महानता का दर्शन करता है। तो आओ मेरे प्यारे! आज मैं तुम्हें संक्षिप्त सा ही परिचय देने आया हूँ। आज मैं व्याख्या देने नहीं आया हूँ केवल विचार-विनिमय यह कि हम परमपिता परमात्मा की महती का सदैव गुणगान गाते रहें और यह परमात्मा देखो यज्ञों में निहित रहने वाला है। यह संसार रूपी जो यज्ञशाला है इस यज्ञशाला में वह परमात्मा निहित रहता है क्योंकि याग उसका आयतन है, उसका गृह है, उसका सदन है और वह उसी में वास करने वाला है। तो हम उस परमपिता परमात्मा की महती को सदैव विचार-विनिमय करते इस संसार सागर से पार हो जाएं। तो मेरे प्यारे! देखो आज का विचार क्या हमारे ऋषि-मुनियों ने याग के ऊपर बड़ा-बड़ा पूर्ण अध्ययन किया है, विशालता में अध्ययन किया उस अध्ययन की प्रतिक्रियाओं को हमारे यहाँ वेद के वाङ्मय में सदैव वह निहित रहने वाली प्रतिक्रियाएँ हैं जिसके ऊपर ऋषि-मुनि परम्परागतों से सृष्टि के प्रारम्भ से विचार-विनिमय करते चले आए हैं। तो मेरे प्यारे! आज का विचार-विनिमय क्या क्या आज के विचारों का अभिप्रायः यह कि हम परमपिता परमात्मा की आराधना करते हुए देव की महिमा का गुणगान गाते इस संसार सागर से पार हो जाएं और याग जैसे क्रियाकलापों को हम सदैव अपने में निहित करते रहें। हमारे आध्यात्मिक याग और भौतिक यागों का दोनों का प्रायः वर्णन आता रहता है। मेरे प्यारे! देखो यह भौतिक याग है। **आध्यात्मिक याग** उसे कहते हैं जो मानो देखो अपनी इन्द्रियों के विषयों का साकल्य बना करके और उसकी अन्तरात्मा

में बेटा! जब वह हुत करता है आत्मा में आत्मा का दर्शन करता है चेतना का उसे भान होता है परमात्मा का दर्शन होता है तो बेटा! वह आध्यात्मिक याग कहलाता है।

याज्ञिक बनने के लिए प्रेरणा

आओ मेरे प्यारे! आज का विचार-विनिमय क्या कि हम परमपिता परमात्मा की आराधना करते हुए—राम अपने में बड़े प्रसन्न हुए। राम का याग तो बेटा! प्रायः मुझे स्मरण आता रहता है। तो आज का वाक् अब यह सम्पन्न होने जा रहा है कल समय मिलेगा तो मैं तुम्हें शेष चर्चाएँ कल प्रगट करूँगा। आज मैंने तुम्हें यह संक्षिप्त परिचय दिया, विशेष चर्चा नहीं देने आया केवल यह क्या यजनम् ब्रह्मा यज्ञ ब्रहे क्या प्रत्येक मानव को याज्ञिक बनना चाहिए। विचारों से याग करो, साकल्य के द्वारा याग करो या प्रातःकालीन यह उद्गीत गाओ कि प्राणाय स्वाहा अपानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा उदानाय स्वाहा इस प्रकार मुनिवरो! देखो समानाय कह करके हुत प्रारम्भ करना चाहिए। तो मेरे प्यारे! देखो यह आज का वाक् समाप्त, अब वेदों का पठन-पाठन।

आज के वाक् उच्चारण करने का अभिप्राय यह कि हम परमपिता परमात्मा की महिमा को जानते हुए सागर से पार हो जाएँ और नित्यप्रति अपने क्रियाकलाप में सदैव निहित रहें। तो यह आज का वाक् समाप्त अब वेदों का पठन-पाठन।

ओ३म् देवाः आभ्याम् रथम् माऽम् प्राचीरथम् दिव्याः आपाऽम्।
ओ३म् रथम्माऽम् प्राचीरथम् दिव्याः माः विष्णुरथम् आपाऽम्।।
ओ३म् मनुमुरेवम् आप्याम् मधु मम वाचन्नमाः।
ओ३म् तनु गायनत्वा रथम् माऽम प्राची रथाः।।

दिनांक : 7 जुलाई, 1992
समय : प्रातः 9 बजे
स्थान : श्री ओमप्रकाश त्यागी ग्राम-कैन्दकी, सहारनपुर

।। ओ३म् ।।

सत्यकाम का तप

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेदमन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेदवाणी में उस महामना परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वह परमपिता परमात्मा अनन्तमयी माने गये हैं और जितना भी यह जड़ जगत अथवा चैतन्य जगत् हमें दृष्टिपात आ रहा है उस सर्वत्र ब्रह्माण्ड के मूल में प्रायः वह परमपिता परमात्मा विद्यमान हैं। जड़ और चेतना में दोनों में वह निहित रहने वाले हैं। तो वह परमपिता परमात्मा हमारा अनन्तवान है और उसकी अनन्तता के ऊपर सदैव हम विचार विनिमय करते रहें। तो हमारा वेदमन्त्र कहता है विष्णु भविग् ब्रह्मा हे विष्णु तू हमारा कल्याणकारक है और उस विष्णु की हमें सदैव याचना करनी है जो हमारे जीवन का साथी है और मानव के अन्तर्हृदयों में जो प्रेरणा देने वाला है उस महान् देव की हम सदैव उपासना करते रहें। आओ मेरे प्यारे। मैंने तुम्हें बहुत पुरातन काल में नाना प्रकार की चर्चाएँ की हैं। आज मैं उन चर्चाओं में तो तुम्हें नहीं ले जाऊँगा केवल विचार विनिमय यह कि हमारा **वेदमन्त्र हमें नाना प्रकार की प्रेरणा देता रहता है** और उसी प्रेरणा को प्राप्त करके अन्ततः प्रेरित होते रहते हैं और अपने जीवन को महान् बनाने में सदैव तत्पर रहते हैं जिससे हमारे जीवन की प्रतिभा एक महानता में सदैव निहित होती रहे।

सत्यकाम को वेदमन्त्रों से प्रेरणा

आज का हमारा वेदमन्त्रः यह कह रहा है यमम् ब्रह्मा विश्वस्तम ब्रहे। मेरे प्यारे! देखो एक समय जाबाला पुत्र सत्यकाम ने कहा था हे माता वेदमन्त्र का जब मैं अध्ययन करता हूँ तो वेदमन्त्र कहता है कि

ब्रह्म वर्चस्सुतम ब्रह्मा क्या हे अमृतम् अध्याणाम् भूते क्योंकि अध्ययनशील प्राणी अपने में यह विचारता है क्या (कि) मैं ब्रह्मवेत्ता बनूँ और ब्रह्मवेत्ता बनने की मेरी बड़ी उत्कृष्ट इच्छा रहती है। तो हे माता मुझे आज्ञा दो मैं ब्रह्मवेत्ता बनूँ, जाबाला पुत्र सत्यकाम ने कहा। जाओ पुत्रो वर्णस्सुते, जाओ तुम ब्रह्मवेत्ता बनो परन्तु आचार्य के कुल में पहुँचो और आचार्य से ब्रह्मवेत्ता बनने के लिए सदैव तत्पर हो जाओ। माता ने जब यह आज्ञा दी तो वह जाबाला पुत्र सत्यकाम उपयनन के पश्चात् वह अपने आचार्य कुल में जा पहुँचे।

महात्मा गौतम के द्वार पर पहुँचे। गौतम मम् ब्रव्हा देखो वह अपनी साधना में परणित थे। महात्मा गौतम ने कहा हे जाबाला पुत्र सत्यकाम तुम्हारा आगमन क्यों हुआ? उन्होंने कहा एक वेदमन्त्र का उद्गीत गाते हुए यमम् ब्रह्मा आत्माम् भूतम् ब्रह्मा क्या मैं आत्मा को पवित्र और आत्मा को मानो ब्रह्म में तल्लीन करना चाहता हूँ। मैं स्वयं मानो देखो ब्रह्मवत् बनना चाहता हूँ। जब यह वाक् उन्होंने कहा तो ब्रह्मणे व्रहा—जब गौतम ने यह वाक् श्रवण किया तो गौतम ने कहा आओ विराजो।

महात्मा गौतम का चिन्तन

वह विराजमान हो गये। परन्तु उन्होंने कहा ब्रह्मणा ब्रहे क्या हे ब्रह्मचारी तुम्हारा गोत्र क्या है? तो जाबाला पुत्र सत्यकाम ने कहा कि मम् ब्रहे यह माता जानती है, यह इस गोत्र को मैं नहीं जानता, मेरी माता जानती है। तो वह गौतम ने कहा तू तो ब्राह्मण है क्योंकि ब्राह्मण ही सत्यवादी वाक् उच्चारण कर सकता है। तो ब्रह्मवेत्ता बनने की तेरी जिज्ञासा है। जब महात्मा गौतम ने ऐसा कहा तो मुनिवरो! देखो वह रात्रि का समय था। सायँकाल को अपने-अपने कक्ष में जा पहुँचे परन्तु रात्रि समय जब निद्रा से जागरूक हुए तो महात्मा गौतम ने विचारा कि तुमने ब्रह्म उपाधि प्रदान की है, यह वास्तव में ब्राह्मण है अथवा नहीं। मेरे पुत्रो। जब उन्होंने यह विचार विनिमय करने लगे तो सत्ययाम भूयम् ब्रह्मे **वेद का वाक् कहता है कि जो सत्य उच्चारण करता है वह ब्रह्म को जानता है, वह ब्रह्म की जिज्ञासा वाला है** तो इसीलिए

यह अमृतम् ब्रह्मा यह अमृत को प्राप्त होगा। परन्तु तेरा कोई अधिकार नहीं कि अनायास तुमने एक उपाधि प्रदान की है ब्रह्मवेत्ता की। इसी चिन्तन में बेटा! प्रातःकाल हो गया और प्रातःकाल होते ही जाबाला पुत्र सत्यकाम उनके समीप आ गए।

सत्यकाम का गऊओं के साथ गमन

उन्होंने कहा हे पितर, हे आचार्य मुझे आज्ञा दीजिये मैं आपके चरणों की वन्दना कर रहा हूँ, मैं देवतावत् को जानना चाहता हूँ। उन्होंने कहा हे ब्राह्मण जाओ तुम, मैंने ब्राह्मण आपको कहा तो जाओ ये चार सौ गऊए हैं इन्हें यहाँ से ले जाओ और जब तक यह सहस्र नहीं हों मेरे आश्रम में नहीं आना। उन्होंने कहा बहुत प्रियतम, चरणों की वन्दना करता हुआ ब्रह्मचारी सत्यकामम् ब्रह्मे गऊओं को लेकर के बेटा! वहाँ से गमन कर गये हैं और गऊएं जब वागम व्रते उसके पश्चात् जब ब्रह्मचारी है वह उसी के दुग्ध का पान करना और उसी के दुग्ध में देखो याग करते थे। जब वह प्रातः कालीन मानो सूर्य उदय हुआ और वह याग प्रारम्भ करते थे। परन्तु देखो उन्हें इसी प्रकार भ्रमण करते हुए मेरे पुत्रो! बहुत समय हो गया और गऊओं की सेवा करते चरणों की वन्दना करते। परन्तु जहाँ गौ नाम के पशु की सेवा का प्रसंग आया वहाँ यह देखो हमारी इन्द्रियों का प्रसंग भी आता है क्या इन्द्रियों को भी गौ कहा जाता है तो वह उनको संयम में लाना और पशु नाम के और मानो देखो अपने पशु को उज्ज्वलता देना है। मेरे प्यारे! देखो इसी प्रकार उन्हें जब बहुत समय हो गया तो एक समय प्रातःकालीन जैसे ब्रह्मचारी ने याग किया तो उनमें से एक वृषभ कहता है हे वृषभ, वृषभ ने कहा, बैल ने कहा, गऊ के बछड़े ने कहा हे ब्रह्मचारी सत्यकाम अब गुरु के आश्रम को चलो क्योंकि हम एक सहस्र हो गये हैं। गुरु की आज्ञा थी कि जब तक एक सहस्र गऊ नहीं हो जाए जब तक तुम मेरे आश्रम में नहीं आना। अब हम एक सहस्र हो गये हैं चलो गुरु के आश्रम को।

वृषभ द्वारा चार कलाओं का ज्ञान

मेरे प्यारे! देखो सत्यकाम बड़े प्रसन्न हुए और सत्यकाम ने जब यह अपने चलने के लिए अपना क्रियाकलाप बनाया तो वृषभ ने कहा

कि हे सत्यकाम मैं तुम्हें चार कलाओं का ज्ञान करा देता हूँ क्योंकि संसार में सोलह कलाएँ हैं उनमें से चार कलाओं का ज्ञान मैं कराता हूँ। सबसे प्रथम मानो प्राचीदिग और द्वितीय दक्षिणीदिग और तृतीय मानो प्रतीचीदिग् और उदीचीदिक् यह चार कलाएँ हैं तुम इनका चिन्तन करना प्रारम्भ करो। मेरे प्यारे! देखो उन्होंने उनका निर्णय कराया क्या प्राचीदिग कहते हैं जो पूर्व में रहने वाली अग्नि का स्थान है और देखो द्वितीय दक्षिणायाम् व्रतम दक्षिणायम् इन्द्र का स्थान है और देखो प्रतीचीदिग् में देखो वरुण का स्थान है और मुनिवरो! देखो उत्तरायण में सोम का स्थान है। इस प्रकार मुनिवरो! देखो ऋषि ने अपना, उस वृषभ ने ब्रह्मचारी को अपना यह निर्णय दिया क्या मानो यह चार कलाएँ है जो प्राची में रहता अग्नि का स्थान है। एक अग्नि कला है और द्वितीय कला दक्षिण है जहाँ मानो देखो इन्द्र का स्थान रहता है, यहीं, **वहाँ देखो ब्रह्म का स्थान भी यहीं रहता है,** यह पितरजनों का स्थान है। तो इसी प्रकार तुम देखो अमृतम् और अव्रते वरूण कहते हैं जल को सोमम् ब्रह्मा व्रतम्। बेटा! वह वरूण है जिस वरूण को ले करके हम प्रायः अपने क्रियाकलापों में महान बनने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। तो मुनिवरो! देखो वरूणाय ब्रह्मा और मुनिवरो! देखो सोमाय व्रतम। सोम मुनिवरो! देखो सोम कहते हैं, जो ज्ञान है, विज्ञान है। मेरे प्यारे! उन्होंने कहा यह चार कलाओं का ज्ञान तुम्हें मानो देखो मैंने कराया है और अगला जो ज्ञान तुम्हें कराएँगे वह अग्नि देवता कराएँगे, अग्नि तुम्हें चार कलाओं का ज्ञान प्रदान करेगा।

मेरे प्यारे! देखो जाबाला पुत्र सत्यकाम ने कहा बहुत प्रिय। मेरे प्यारे! उनका अन्तरात्मा तृप्त होने लगा और ज्ञान और विज्ञान में क्योंकि उनकी बड़ी निष्ठा थी और वह कलाओं में प्रतिष्ठित होने वाले थे। मेरे प्यारे! देखो जब उन्होंने इस प्रकार वर्णन किया अमृताम् भूतम् ब्रह्मे लोकाम्। मेरे प्यारे! देखो पूर्व में अग्नि का स्थान है जो प्रकाश देता है सूर्य उसी से उदय होता है और मुनिवरो! देखो दक्षिणाय में इन्द्र का स्थान है जहाँ से मुनिवरो! देखो सोम का जन्म होता है। मुनिवरो! देखो इन्द्र अपनी शचि को ले करके गमन करता है। इसी प्रकार मेरे

पुत्रो! देखो अमृतम् प्रतीचीदिग् में यह अमृताम् भूतम् वरुण का स्थान जहाँ मुनिवरो! देखो मानव अपने देखो कृषक अपनी कृषि के लिए अपने में वरूण का स्थान लिए हुए होता है। इसी प्रकार मेरे प्यारे! देखो सोमाम् ब्रह्मे जहाँ ऋषि मुनि अपने में सोम की याचना करते हैं। हमारे यहाँ सोम की विवेचना करने वालो ने कहा क्या सोम नाम ज्ञान का है, सोम नाम साधना का है और सोम नाम मेरे प्यारे! देखो वह वायु मण्डल को पवित्र बनाने का नाम सोम कहा जाता है। तो इसीलिए मानव को सौम्यता को धारण करना चाहिए। तो इसीलिए सोम मेरे प्यारे! अग्नि है जो प्रकाश को देने वाली है वह सोम कहलाती है। तो हम सोमाम् भूतम् ब्रह्मा मेरे प्यारे! देखो उत्तराणाम् ब्रहे देखो उत्तरायण ही मानव के जीवन को महान बनाता है।

उत्तरायण की विवेचना

मुझे स्मरण आता रहता है बेटा! त्रेता देखो द्वापर का काल त्रेता का काल। जब मुनिवरो! देखो भीष्म के जीवन की चर्चाएँ आती हैं क्या मैं अपने जीवन को उत्तरायण में त्यागूँगा जहाँ जब मुझे प्राचीदिग का स्थान हो जाएगा मानो देखो उदीची सोमाम् ब्रह्मा उदीची में सोम होता है और वह सोम का स्थान जब तक नहीं होगा जब तक उत्तरायण नहीं होगा। मानो देखो मेरा जीवन उत्तरायण होना चाहिए। हमारे यहाँ उत्तरायण के सम्बन्ध में भिन्न प्रकार की विवेचना मानी जाती है परन्तु जो वैदिक साहित्य की विवेचना है—वेदमन्त्रों के वाङ्मय में जब प्रवेश करते हैं वहाँ कुछ और ही प्राप्त होता है। वह एक अमृतम् देखो सोम ब्रह्मा मेरे प्यारे! देखो सोम का हमें सोम प्राप्त होता है और वह उत्तरायण से प्राप्त होता है, उदीचीदिक् से होता है। मेरे प्यारे! देखो अमृतम् भीष्म ने कहा था क्या मैं अपने जीवन को उत्तरायण बनाना चाहता हूँ उसके पश्चात् मैं अपने शरीर का अन्त करूँगा। मेरे प्यारे! देखो उत्तरायण का महारानी द्रोपदी ने एक समय ये कहा कि प्रभु उत्तरायण का क्या अभिप्राय है? उन्होंने कहा **उत्तरायण कहते हैं ज्ञान को** और जब तक मानव में ज्ञान नहीं हो जाए जब तक उसका जीवन उत्तरायण नहीं बनेगा। क्योंकि देखो अज्ञान का नाम तो दक्षिणायन है और वह अन्धकार

का स्थान है इसीलिए मैं अपने जीवन को सोम बनाना चाहता हूँ, मैं अपने जीवन को उत्तरायण में ले जाना चाहता हूँ। जैसे एक माह में दो पक्ष होते हैं एक मानो कृष्ण पक्ष है तो एक शुक्ल पक्ष। शुक्ल कहते हैं प्रकाश को और कृष्णाय कहते हैं अंधकार को। मानो मेरा जीवन भी शुक्ल पक्ष की भाँति होना चाहिए। मेरे पुत्रो! देखो जब उन्होंने कहा कि ब्रह्मणे हे प्रभु आप तो ब्रह्म की वार्ता कर रहे हैं। जब महारानी द्रोपदी ने यह कहा कि तुम तो ब्रह्म की वार्ता प्रगट कर रहो। उन्होंने कहा देवी मैं ब्रह्मवादी हूँ। उन्होंने कहा उस समय तुम्हारा ब्रह्मज्ञान कहाँ गया था जब मानो देखो सभा में दुर्योधन मेरे वस्त्रों को मानो मेरे शरीर से दूरी करना चाहते थे और नग्न करना चाहते थे तो उस समय तुम्हारा ब्रह्मज्ञान कहाँ था? तो मेरे प्यारे! देखो उन्होंने कहा देवी मैंने उस समय राष्ट्र के अन्न को ग्रहण किया था और राष्ट्र का जो अन्न होता है उसका ब्रह्मज्ञान से कोई सम्बन्ध नहीं होता क्योंकि राष्ट्र का अन्न रजोगुण तमोगुण से सना हुआ अन्न होता है और वही सने अन्न को ग्रहण करके मेरी बुद्धि भी मोह ममता में भ्रमित हो रही थी।

मेरे प्यारे! देखो द्रोपदी शान्त हो गई और महाराजा अमृतम् देखो अपने उत्तरायण की याचना करने लगे और उन्होंने कहा कि हे देवी संसार में उत्तरायण हो जाना चाहिए जो मानव परमात्मा के समीप जाना चाहता है। मुनिवरो! देखो उत्तरायण का अभिप्रायः यह है क्या हमारे यहाँ सूर्य भी छः माह तक उत्तरायण में होता है और छः माह तक दक्षिणायन में होता है परन्तु देखो यह एक वर्ष का कृत कहलाया गया। परन्तु यहाँ वेदमन्त्र कुछ और ही कह रहा है। वेदमन्त्र कहता है अज्ञानाम् ब्रह्मा व्रतम् देवत्वाम् प्रकाशाम् भू अमृतम् देवाः—वेद का वाक् कहता है क्या यह जो मानो देखो शुक्ल पक्ष है यह मानव का जीवन एक प्रकाश का जीवन है और कृष्ण पक्ष का जो जीवन है यह मानो अंधकार का जीवन है तो मैं मानो देखो अंधकार को नहीं चाहता। मेरे प्यारे! देखो यह दो पक्ष मानव के वेदमन्त्र कहता है क्या इसमें मानव को अपने जीवन में प्रकाश में जीवन को लाना चाहिए। तो मेरे पुत्रो! विचार आता है क्या देखो यह तो समय की एक अवृत्ति कही जाती है परन्तु

जहाँ तक यह प्रसंग आता है कि उत्तरायण हमारे यहाँ प्रकाश है दक्षिणायण में अंधकार है और ज्ञान का नाम ही देखो उत्तरायण कहा जाता है। तो इसीलिए सोम को ग्रहण करने वाला अथवा वही तो मुनिवरो! देखो सौम्य कहलाता है, वही उदीचीदिक् कहलाता है। उदीची उत्तरायणम् ब्रह्मा क्रतम् उदेव्राहा यह उदय अमृतम् यह ज्ञान उदय होता है। ज्ञान मानो कहीं से उदय होता है और गृहण करने वाला मानो देखो शरीर में आत्मा विद्यमान है, जो इसे गृहण करता है अपने में उग्रता को धारण करता हुआ अपने में अपनेपन को ही विचारता रहता है। तो मेरे प्यारे! देखो इसका नाम उत्तरायण कहा जाता है।

उत्तरायण में जब मानव अपने शरीर को त्यागता है तो वह देव लोक में प्राप्त होता है। वह उत्तरायण कौनसा है जहाँ देवताओं का लोक है? मेरे प्यारे! उत्तरायण कहते हैं जो ज्ञान में जा करके शरीर को त्यागता है। जब उसे विवेक हो जाता है और यह संसार उसके लिए निष्क्रिय बन जाता है तो वह उत्तरायण उसका जीवन बन करके वह महानता को प्राप्त होता है। तो मेरे प्यारे! देखो उन्होंने अमृतम् यह उत्तरायण की विवेचना की और उदीचीदिक् सोमो इसी में सोम की प्राप्ति होती है। सोम कहते हैं बेटा! देखो जो ऋषि-मुनि अपने में सोम का पान करते हैं और जो साधकजन हैं वह परमपिता परमात्मा के अनन्य स्वरूप को जान करके उसी के लिए सदैव प्रार्थना करते रहते हैं वह मुनिवरो! देखो प्रकाश कहा जाता है। इसी प्रकाश को जो धारण करता है वह मानव इस संसार से पार हो जाता है। तो उत्तरायण और दक्षिणायन की चर्चाएँ मेरे प्यारे! देखो यह चार कलाएँ हैं जहाँ प्राचीदिग अग्नि का प्रसंग आता है वहाँ प्रकाश है और मुनिवरो! देखो दक्षिणीदिग वरूणो ब्रह्मे जहाँ वरूण का वर्णन है क्या यह वरूण ही हमारा जीवन है हम इसी में रत्त रहना चाहते हैं। तो यह वार्ता बेटा! देखो अपने में उच्चारण करके अन्त में मौन हो गये और वह दोनों अपने में मौनता को धारण करने लगे।

मेरे प्यारे! देखो वृषभ ने, उन्हें गऊँ के बछड़े ने चार कलाओं का ज्ञान कराया। उन्होंने कहा यह चार कलाएँ हैं सबसे प्रथम प्राचीदिग

जो अग्नि का स्थान है और द्वितीय दक्षिण का स्थान है जहाँ इन्द्र रहता है इन्द्र का वास है और उदीची में रहने वाला मंगलम् ब्रह्मे सोमम् ब्राहा बेटा! देखो वही तो अपने में अभ्यस्त हो रहा है। वही जानना चाहता है कि जिज्ञासाम् भूतम् यह परमात्मा का जो अमूल्य जगत् है यह क्या है? तो इसके ऊपर बेटा! मानव अपने में प्रायः अनुसन्धान करता रहा है अथवा विचार विनिमय करता रहा है।

अग्नि देवता द्वारा चार कलाओं का ज्ञान

आओ मेरे प्यारे! विचार मैं दूरी नहीं ले जा रहा हूँ। सत्यकाम ने, बेटा! देखो वृषभ, गऊ के बछड़े से यह प्रेरणा ले करके वहाँ से अगले दिवस प्रातः कालीन देखो वह स्नान करने के पश्चात् उन्होंने एक वाणी उद्गीत रूप में गाई गई वैखरी रूप में क्या मैं तुम्हें चार कलाओं का ज्ञान कराऊँगा। क्योंकि **अग्निहोत्र के द्वारा ही उसे प्रेरणा प्राप्त होती थी।** तो बेटा! जैसे अग्निहोत्र किया उन्होंने कहा हे देव तुम ब्रह्मणे व्रताः मानो देखो उसी आभा को मैं नहीं जान पा रहा हूँ जिस आभा से आपका समन्वय रहता है। तो मेरे पुत्रो! मुझे स्मरण आता रहा है क्या वह अमृतम् द्वितीय चार कला जो उन्होंने याग किया याग करने के पश्चात् उन्होंने कहा मैं, अग्नि देवता ने हे सत्यकाम मैं तुम्हें चार कलाओं का ज्ञान कराता हूँ। उन्होंने कहा बहुत प्रिय। तो उन्होंने मुनिवरो! देखो चार कलाओं का ज्ञान देना प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा सबसे प्रथम चार कलाओं में देखो अमृतम् सबसे प्रथम विष्णु कला ध्रुवम् ब्रह्मा व्रत्यम् देवत्वाम् लोकाः **ध्रुवा और ऊर्ध्वा और पृथ्वी कला और अन्तरिक्ष कला यह चार कलाएँ हैं जिन कलाओं को जान करके मानव अपनी आभा को प्राप्त करता है।** जिन कलाओं को जान करके ही मानव इस संसार में अपने ज्ञान से नगण्य नहीं रहता, ज्ञान से कटिबद्ध रहने वाला यह मानवीयत्व कहलाता है। तो इस प्रकार मुनिवरो! देखो ऋषि ने अपना अमृताम् भूतपप्रव्हा अपने लोक की चर्चाएँ कीं और लोकप्रियता की चर्चा करने के पश्चात् उन्हें अपना उद्गीत गाया। ब्रह्मणे रासवतम् चार कलाओं का ज्ञान कराते देखो उन्होंने कहा हे ब्रह्मणे चार कलाओं में सबसे प्रथम कला का नाम ध्रुवा कला है।

ध्रुवा-कला

